मध्यप्रदेश विधान सभा

राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र) जोन-6 (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान) 'युवा विधायक सम्मेलन' में स्वीकृत संकल्प

दिनांक - 31 मार्च, 2026

अध्यक्ष महोदय -- आज इस अवसर पर हम सबके मध्य हमारे मध्य प्रदेश राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, आदरणीय प्रहलाद सिंह पटेल जी उपस्थित हैं. आप सबका बहुत हार्दिक स्वागत है और मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और हमारे बहुत ही वरिष्ठ विधायक, सार्वजनिक जीवन के महत्वपूर्ण नेता, आदरणीय अजय विश्नोई जी भी यहां उपस्थित हैं.

अब हम लगभग सत्र की पूर्णता की ओर हैं. मैं बहुत ही कृतज्ञ हूं, हरिवंश जी का उन्होंने काफी विस्तार से मार्गदर्शन किया, प्रेरणादायी वक्तव्य दिया. बहुत सारे आंकड़े, बहुत सारी पुस्तकें और बहुत सारे लेखकों का भी जिक्र किया. हमारे सभी युवा विधायक टेक्नॉलाजी से जुड़े हुए हैं और निश्चित रूप से इन सबका उपयोग भी वह करेंगे और अपने क्षेत्र का तथा अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगे. आज चूंकि दो दिन तक हम सब यहां बैठे हैं और सबने विचार-विमर्श भी किया है. एसोसिएशन को भी यह मालूम रहे कि हम कुछ संकल्प करके उठ रहे हैं इसलिये कुछ संकल्प हम करेंगे और उसके बाद फिर आभार प्रकट होगा और फिर हम लोग भोजन करने के लिये यहां उपस्थित होंगे. हमारे भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय जी भी हम सबके मध्य आयी हैं, उनका भी हृदयपूर्वक स्वागत है.

हम एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर विचार और संकल्प व्यक्त करने के लिये एकत्रित हुए हैं जो हमारे लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ा हुआ है. लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि यह जनता की भागीदारी, विश्वास और जागरूकता का जीवंत प्रतीक है. हम सभी भली-भांति जानते हैं कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर ही निर्भर करती है. जब नागरिक जागरूक होते

हैं, अपने अधिकारों, कर्तव्यों को समझते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत और सशक्त होता है. ऐसे में युवा विधायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है. युवा विधायक केवल प्रतिनिधि नहीं होते, बल्कि वे नयी सोच, नई ऊर्जा और परिवर्तन के वाहक होते हैं, वे समाज और शासन के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं. विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें. उन्हें चाहिये वह डिजीटल माध्यमों के जरिये नागरिकों से जुड़ाव बढ़ायें, जनसंवाद को प्राथमिकता दें, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में ठोस कदम उठायें तथा समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवा, महिलाओं और वंचित समुदाय को मुख्य धारा में लाने का प्रयत्न करें. हालांकि इस मार्ग में अनेक चुनौतियां भी हैं. राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएं और तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियां. लेकिन एक सशक्त और समर्पित युवा नेतृत्व इन सब चुनौतियों को अवसर में बदल सकता है.

1. हम, कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया जोन-6 अंतर्गत आयोजित युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ़ संकल्प लेते हैं कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है. अत: एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र के निर्माण में युवा विधायक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे.

2. हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुए नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुंचायेंगे तथा पारदर्शी जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे ताकि लोकतांत्रिक संस्थायें जनता के प्रति उत्तरदायी हो सकें.

3. हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत्/सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियां बनाने एवं युवाओं, महिलाओं

और वंचित वर्गों की आवाज को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे जनता और उनकी विधायिकाओं के बीच प्रभावी संपर्क स्थापित हो सके तथा सार्थक सहभागी शासन सुनिश्चित किया जा सके.

4. हम युवा विधायक, राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएं और बदलती वैश्विक परिस्थितियों का सामना करते हुए ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे ताकि हमारे राष्ट्र की लोकतांत्रिक परम्पराएं और मूल्य और अधिक गहरे तथा सशक्त बन सकें.

5. हम यह भी संकल्प लेते हैं कि हम स्वयं भी एक जागरूक नागरिक बनेंगे, विधायिकाओं में होने वाली बहसों और चर्चाओं में जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शोध एवं अनुसंधान सहायता को सुदृढ़ करेंगे. लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे ताकि देश आने वाले कल में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सक्षम हो.

हम सभी इन संकल्पों को पारित करने के लिए सहमत हैं ?

(सभा में उपस्थित माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई.)

सबको बहुत बहुत धन्यवाद.

(मेजों की थपथपाहट)

---- * ----**